आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 11.05.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर को अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक बताया–सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर राज्यभर के शिवालयों में विशेष आयोजनं
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के राजमार्गों पर बिना रुके वाहनों के टोल काटे जाने की नई प्रणाली का शुभारंभ कियां
- प्रदेश के युवाओं में विज्ञान और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के लिए 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा–जयपुर के कोचिंग हब में इनोवेशन सेंटर बनेंगें
- राज्य के पश्चिमी जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में–जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा और जोधपुर के कई हिस्सों में जनजीवन प्रभावितं

000

गुजरात के सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर देशभर में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कीं गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक हैं सोमनाथ लोगों को यह याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रह सकता है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहें

.............

राज्य में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित किये गयें जयपुर के झारखंड महादेव मंदिर में राज्य स्तरीय समारोह रखा गयां कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि 75 वर्ष पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार हुआ, जो हमारी अजय सांस्कृतिक भावना को दर्शाता हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में तनोट माता, पुष्कर, खाटूश्यामजी और गलता तीर्थ जैसे आस्था के केंद्रों को विकसित करने के लिए लगातार काम किया जा रहा हैं

.............

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज राजमार्गों पर बिना रुके वाहनों के टोल काटे जाने की नई प्रणाली का शुभारंभ कियां केन्द्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली के मुंडका–बक्करवाला टोल प्लाजा पर इस बैरियर–रहित तकनीक की शुरूआत कीं

इस मौके पर उन्होंने कहा है कि इस उन्नत प्रणाली से टोल प्लाजा पर लगने वाला समय कम होगा और ईंधन की बचत होगी तथा प्रदूषण में काफी कमी आएगीं नई तकनीक के तहत वाहन चालक सौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से टोल कॉरिडोर से गुजर सकेंगे और टोल का भुगतान स्वचालित रूप से कट जाएगां उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सालाना लगभग 285 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगीं

000

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि बाघ, शेर, चीता जैसी बिग कैट्स के संरक्षण के लिए कॉरपोरेट फंडिंग बहुत जरूरी हैं श्री यादव आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ–सी.आई.आई. के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थें श्री यादव ने बताया कि भारत अगले महीने की पहली और दूसरी तारीख को नई दिल्ली में इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस के तहत पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगां उन्होंने बताया कि बीते दस वर्षों के भीतर देश में टाईगर रिजर्व की संख्या में बढ़ोतरी हुई हैं

.............

केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जीरामजी अधिनियम के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी हैं यह नया कानून इस वर्ष एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगां इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगीं

इस योजना पर चालू वित्त वर्ष में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया हैं महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कार्यस्थलों पर बच्चों की देखभाल का भी विशेष प्रावधान किया गया हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं में विज्ञान और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के लिए महान गणितज्ञ और खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त के नाम पर 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर के कोचिंग हब में इनोवेशन सेंटर स्थापित किया जाएगां वे आज जयपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें कार्यक्रम के दौरान श्री शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के विज्ञान क्लबों से जुड़े छात्र–छात्राओं से सीधा संवाद कियां

इससे पहले, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान–सीरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कीं इस मौके पर उन्होंने विज्ञान और तकनीक का उपयोग समृद्ध और स्वस्थ जीवन के लिए करने का आह्वान कियां

श्री बागडे ने संस्थान से अनाज और सब्ज़ियों में पेस्टीसाइड तथा रसायनों की जांच के लिए आधुनिक उपकरण विकसित करने का आग्रह कियां

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बचत और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील को राष्ट्र को आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बतायां श्री बैरवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वैश्विक संकटों के दौरान प्रधानमंत्री ने हमेशा ऐसे दूरदर्शी निर्णय लिए हैं, जिससे देश सुरक्षित रहा हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए नागरिक एकजुट होकर प्रधानमंत्री की इस अपील का समर्थन करें

.............

000

प्रदेश में जनगणना 2027 के तहत 1 मई से शुरू हुई स्वगणना में पिछले 10 दिन में साढे छह लाख से अधिक परिवारों ने भाग लिया हैं इन परिवारों ने इस डिजिटल प्रक्रिया को पूरा कर लिया हैं स्वगणना के मामले में जयपुर जिला अव्वल है, 50 हजार से अधिक परिवारों ने स्वगणना पूरी की हैं सीकर जिला 32 हजार परिवारों की स्वगणना के साथ दूसरे स्थान पर हैं गौरतलब है कि स्वगणना की प्रक्रिया 15 मई तक जारी रहेगां प्रगणक 16 मई से घर–घर जाकर मकान सूचीकरण और मकानों की गणना करेंगें यह काम 14 जून तक चलेगां उधर, बालोतरा जिले में शत–प्रतिशत स्वगणना पूरी करवाने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आज जिला कलेक्टर ने सम्मानित कियां

000

भीलवाड़ा के रूपाहेली टेक्सटाइल पार्क में उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों के लिए रीको ने भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया शुरू की हैं इसके तहत पंद्रह सौ से लेकर छत्तीस हजार वर्गमीटर तक के औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं राइजिंग राजस्थान अभियान के तहत राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू. करने वाले निवेशक रीको के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आगामी 14 मई तक आवेदन कर सकते हैं रीको ने इस पार्क में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 221 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं

000

राज्य के पश्चिमी जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर के कई हिस्सों में आज लू से जनजीवन प्रभावित रहां कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गयां दिन के साथ–साथ रातें भी इन दिनों तप रही हैं कई जिलों में न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गयां राज्य में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 47 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयां वहीं फलौदी में तापमान 46 दशमलव 8 और जैसलमेर में 46 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढोतरी का सिलसिला अगले चार–पांच दिन बना रहेगां जोधपुर और बीकानेर संभाग में इस दौरान लू का दौर जारी रहने की संभावना हैं इधर, अगले 48 घंटों में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी अंचल में कहीं–कहीं तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं

000

चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा मार्ग पर आज तड़के एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई वंडर चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे में इन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दियां ये युवक मजदूरी कर वापस घर लौट रहे थें

000